# कार्यालय, नगरपालिक निगम चिरमिरी

मालवीय नगर, वेस्ट चिरमिरी,
जिला–मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर (छ०ग०)

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

Phone/Fax -07771-263214, 263213
E-mail :- nagarnigam_chirimiri@yahoo.com
Website :- nagarnigamchirimiri.in


क्रमांक / 2088 / वाहन / न०पा०नि० / 2025 चिरमिरी, दिनाँक :08 / 09 / 2025

## // निविदा आमंत्रण सूचना //

कार्यालय नगर पालिक निगम चिरमिरी द्वारा अस्थाई रूप से प्राईवेट वाहन किराए पर लिए जाने हेतु हेतु एजेंसीयो / एजेंटों / फर्मो / ठेकेदार / सप्लायरों से निविद प्रपत्र "ब" में त्रि–लिफाफा पद्धति में निविदायें प्रपत्र स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक द्वारा मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी अंतिम तिथि 29/09/25 तक है निर्धारित तिथि में प्राप्त निविदायें निगम कार्यालय में उपस्थित निविदकारो / उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

| क्र० | कार्य का विवरण | मात्रा | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (F.D.R.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अस्थाई रूप से प्राईवेट वाहन प्रदाय कार्य (2022 उपरांत) आयुक्त, न०पा०नि० चिरमिरी हेतु **(वाहन कम्पनी)**–महिन्द्रा XUV 300, महिन्द्रा बोलेरो, टाटा जेस्ट, मारूति स्विफ्ट डिजायर, होंडा अमेज | 01 नग | 5.00 लाख | 15000.00 | 750.00 |

**नोटः–**

1. निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं शर्तें निविदा से एक दिवस पूर्व तक कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकेगी।
2. निविदा से संबंधित जानकारी विभागीय वेबसाईट WWW.UAD.CG.GOV.IN पर देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र NAGARNIGAMCHIRMIRI.COM से प्राप्त किए जा सकते है।

सहायक अभियंता
नगर पालिक निगम चिरमिरी
जिला–एम०सी०बी० (छ०ग०)

पृ०क्र० / 2089 / वाहन / न०पा०नि० / 2025 चिरमिरी, दिनांक 08 / 09 / 2025

**प्रतिलिपिः–**

1. मान. महापौर / सभापति न०पा०नि० चिरमिरी की ओर सादर सूचनार्थ।
2. प्रोग्रामर, राज्य डाटा सेंटर, संचालनालय, नगरीय प्रशासन विकास, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, जिला–रायपुर (छ०ग०) की ओर विभागीय वेबसाईट में अपलोड करने हेतु प्रेषित।
3. 1) सम्पादक ........ (छ०ग०) क्षेत्रीय प्रतिनिधि श्री ........ को सूचनार्थ।
   2) सम्पादक दै० समय दर्शन (छ०ग०) क्षेत्रीय प्रतिनिधि श्री किरण श्रीवास्तव को सूचनार्थ
   कृपया अपने सामचार पत्र में 02 कॉलम X 04 सें.मी. में प्रकाशित करने का कष्ट करे।
4. कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा।
5. आयुक्त नस्ती।

सहायक अभियंता
नगर पालिक निगम चिरमिरी
जिला–एम०सी०बी०(छ०ग०)

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय, नगर पालिक निगम चिरमिरी
जिला–मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर (छत्तीसगढ़)
Phone/Fax :- 07771 - 263214, 263213, E-mail :- nagarnigam_chirimiri@yahoo.com

एक कदम स्वच्छता की ओर

## ---::: निविदा शर्तें :::---

1. पात्रता की शर्तें:–
   1. जी.एस.टी. पंजीयन की सत्यापित छायाप्रति।
   2. वाहन पंजीयन/फिटनेश प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति।
   3. वाहन बीमा प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
   4. पैन कार्ड की सत्यापित छायाप्रति।
2. आमंत्रित निविदा हेतु निविदाकार द्वारा निविदा शर्तों के अनुसार निगम द्वारा प्रदाय प्रपत्र में दरें स्पष्ट भरा जाकर प्रस्तुत किया जाना होगा।
3. निविदा त्रि–लिफाफा पद्धति से मान्य किया जावेगा, पृथक–पृथक लिफाफें में निम्नानुसार दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा:–

   **लिफाफ "अ"**

   (1) निर्धारित राशि का एफ०डी०आर० जो कि आयुक्त, नगरपालिक निगम चिरमिरी एवं दरदाता के संयुक्त नाम से जारी किया गया हो एवं निविदा प्रपत्र शुल्क का डी०डी० व कार्यालयीन रसीद की छायाप्रति।

   **लिफाफ "ब"**

   (1) निविदा प्रपत्र एवं पात्रता की शर्ते अनुसार चाही गई दस्तावेज की छायाप्रति।

   **लिफाफा "स"**

   अ) उपरोक्त दोनों लिफाफे "अ" एव "ब" को भरकर मुहरबंद किया जाना है।
4. अमानत राशि राष्ट्रीयकृत बैक/स्थानीय स्तर के ग्रामीण बैक द्वारा जारी एफ०डी०आर० आयुक्त, नगरपालिक निगम चिरमिरी एवं संबंधित एजेंसी के संयुक्त नाम से जो निविदा प्रकाशन दिनांक के पश्चात जारी किया गया हो एवं जिसकी वैधता कार्य पूर्ण होने के समयसीमा तक या उससे अधिक होने की स्थिति में ही मान्य होगा।
5. अमानत राशि जो किसी अन्य कार्य के लिए कार्यालय में पूर्व में जमा हो इस निविदा हेतु समायोजित नहीं होगी।
6. निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क का रसीद देय होगा।
7. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगा।
8. शासन एवं निकाय द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों को निविदाकार का पालन करना होगा।
9. निविदा प्रपत्र शुल्क का डी०डी० अथवा कार्यालयीन रसीद के माध्यम से स्वीकार किया जावेगा।
10. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर पालिक निगम चिरमिरी प्रशासन को होगा।
11. यदि निगम द्वारा निर्धारित निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/निविदा खोलने की तिथि में किसी अपरिहार्य कारणवश अवकाश या किसी अन्य कारण से घोषित होता है तो ऐसी स्थिति में अंतिम तिथी/खोलने की तिथि आगामी कार्य दिवस को माना जावेगा।
12. दरें स्पष्ट प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा हेतु प्रस्तुत प्रत्येक पृथक–पृथक लिफाफा के ऊपर "अ" "ब" एवं "स" का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना होगा।
13. किसी भी विवाद की स्थिति में नगर पालिक निगम चिरमिरी प्रशासन का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। जिसके लिए कोई भी न्यायालयीन वाद मान्य नहीं होगा।
14. निविदा दर स्वीकृति उपरांत निविदाकार द्वारा राशि रूपये 100/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर में संबंधित कार्य हेतु अनुबंध किया जाना अनिवार्य होगा।
15. निविदा प्रपत्र जमा करने से पूर्व कार्यों का अवलोकन एवं जानकारी कार्यालयीन समय में निगम के वाहन शाखा में किया जा सकता है।
16. निकाय में नवीन वाहन उपलब्ध होने की स्थिति जारी निविदा को निरस्त किया जा सकता है एवं निविदा निरस्त दिनांक तक के देयकों का भुगतान किया जावेगा।
17. प्रादय वाहन का संचालन निकाय में संलग्न वाहन चालक के माध्यम से किया जावेगा।
18. प्रदाय वाहन में आवश्यकतानुसार निगम द्वारा डीजल/पेट्रोल प्रदाय किया जावेगा।
19. प्रदाय वाहन का लॉकबुक संधारण करना अनिवार्य होगा एवं प्रत्येक माह के देयक के साथ लॉकबुक की छायाप्रति संलग्न कर देयक प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।



Scanned with OKEN Scanner

कार्यालय, नगर पालिक निगम चिरमिरी
जिला–मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर (छत्तीसगढ़)
Phone/Fax :- 07771 - 263214, 263213, E-mail :- nagarnigam_chirimiri@yahoo.com
एक कदम स्वच्छता की ओर

20. प्रदाय वाहन का संचालन करने दौरान वाहन मे किसी भी प्रकार की खराबी/सामग्री टूट–फूट होने की स्थिति में निविदाकार को स्वंय के व्यय पर मरम्मत कार्य पूर्ण कराकर देना अनिवार्य होगा।
21. प्रदाय वाहन खराब होने की स्थिति में निविदाकार को तत्काल अन्य कोई वाहन उपलब्ध कराकर देना अनिवार्य होगा।
22. वाहन प्रदाय कार्य के देयकों का भुगतान निगम कोष में राशि उपलब्धता अनुसार किया जावेगा।
23. वाहन प्रदाय कार्य की अवधि 01 वर्ष होगी।

सहायक अभियंता
नगर पालिक निगम चिरमिरी
जिला–एम०सी०बी०(छ०ग०)



Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय, नगर पालिक निगम चिरमिरी
जिला – मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर (छत्तीसगढ़)
Phone/Fax :- 07771 - 263214, 263213, E-mail :- nagarnigam_chirimiri@yahoo.com


स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांकः– 08/09/25

## ––::निविदा दर प्रपत्र::––

| क्र० | वाहन क्रमांक | वाहन प्रकार | वाहन मॉडल | दर (प्रति माह) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंको में | शब्दो में |
| | | | | | |

सहायक अभियंता
नगर पालिक निगम चिरमिरी
जिला–एम०सी०बी० (छ०ग०)

E:\Nigam\Swachchata\Tenders\Rate Swachhata.doc/1\Suraj

Scanned with OKEN Scanner